हिन्दी दैनिक

# नवशक्ति

RNI-BIHHIN/2012/43368

www.navshaktinews.in

navshakti news paper patna

वर्ष : 13, अंक : 315 | पटना, मंगलवार, 07 जनवरी, 2025 | पृष्ठ, : 8 मूल्य : दो रुपये

## संपादकीय

### डिजिटल दौर ने बच्चों के जीवन को प्रभावित किया है

जे पी चौधरी



डिजिटल दौर ने बच्चों के जीवन को गहरे तक प्रभावित किया है। भारत में वर्ष 2023 में लाए गए डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट के नियमों के तहत नाबालिगों के लिये सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिये माता-पिता या अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। निश्चिय ही यह बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा एक सराहनीय कदम है। दुनिया के विभिन्न देशों में ऐसे कानून पहले से ही मौजूद हैं। यूरोपीय संघ के जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन के लिये सोलह साल से कम उम्र के उपयोगकताओं के लिये माता-पिता की सहमति अनिवार्य है। वहीं यूएस चिल्ड्रन ऑनलाइन प्राइवेसी प्रोटेक्शन एक्ट में 13 वर्ष के उपयोगकताओं के लिये कड़े नियम लागू किए गए हैं। दरअसल, इन कानूनों का मकसद नाबालिगों को साइबर बुलिंग, शोषण व गोपनीयता के उल्लंघन से बचाना है। भारतीय कानून में भी इन नियमों का ध्यान रखा गया है। दरअसल, इन प्रावधानों की जरूरत इसलिए भी महसूस की जा रही है कि पूरी दुनिया में 58 फीसदी किशोर टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्मों के दैनिक उपयोगकर्ता हैं, जो नुकसानदायक सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में दिल्ली के एक व्यक्ति ने डिजिटल माध्यमों की खामियों का लाभ उठाते हुए सात सौ से अधिक महिलाओं को स्नैपचैट का उपयोग करके ब्लैकमेल करने का प्रयास किया था। इसी तरह इंस्टाग्राम पर धमकाने के बाद ब्रिटेन में एक किशोर की दुखद आत्महत्या ने सोशल मीडिया के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की घातकता को बताया। दरअसल, भारत के प्रस्तावित नियम भी सोशल मीडिया कंपनियों को मजबूत उपायों के जरिये माता-पिता की सहमति से जवाबदेह बनाने का प्रयास ही है। जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों में भागेदारी में मार्गदर्शन करने का अधिकार मिल सके। इन नियमों को फुलप्रूफ बनाने में एआई संचालित आयु सत्यापन, डिजिटल साक्षरता कार्यशालाएं आयोजित करने और इसके साथ ही पारदर्शी शिकायत तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इन उपायों की नियमित निगरानी, हितधारकों की प्रतिक्रिया तथा वैश्विक मानकों के साथ तालमेल से इस ढांचे को प्रभावी बनाया जा सकेगा। निस्संदेह, इन नियमों के अनुपालन से भारत में बच्चों के लिये सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बनाने के साथ ही वैश्विक प्रयासों में योगदान दिया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब आज डिजिटल दुनिया से जुड़ाव अपरिहार्य है, बच्चों की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता बनाना न केवल एक जिम्मेदारी है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। इस दिशा में स्थायी परिवर्तन के लिये माता-पिता, शिक्षक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के बीच बेहतर तालमेल बनाना वक्त की जरूरत है। साथ ही बच्चों को विवेकशील बनाने की दिशा में पहल की जानी चाहिए ताकि वे अपना भला-बुरा समझ सकें। इस दिशा में निगरानी करने वाली सरकारी एजेंसियों की सजगता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रकाश पर्व में तख्त साहिब दर्शन को पहुँचे





**पटना सिटी ( बृजेश गोस्वामी )।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की पावन प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तख्त दरबार साहिब में मत्था टेका।राज्य के सुख शांति व समृद्धि की कामना करते हुए अरदास की।

दरबार साहिब में जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने गुरुघर का आशीष सिरोपा दिया और गुरु महाराज के पवित्र वस्तुओं का दर्शन कराया।इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा व वित्त वाणिज्य कर संसदीय मंत्री विजय कुमार चौधरी भी थे. प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, सचिव हरवंश सिंह और प्रबंधक कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में श्री साहिब (तलबार) भेंट की गयी। मुख्यमंत्री बाललीला मैनी संगत गुरुद्वारा पहुंचे, जहां पर गुरुद्वारा के प्रमुख जत्थेदार बाबा कश्मीर सिंह भूरी वाले से मुख्यमंत्री को गुरुघर का आशीष सिरोपा दिया. मुख्यमंत्री का स्वागत गुरुद्वारा के बाबा सुखविंदर सिंह सुख्खा और बाबा गुरविंदर सिंह शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी ने की. आयोजन में बाबा हरि सिह,बाबा जोधवीर सिंह,बाबा बलवंत सिंह बाबा जग्गा सिंह,बाबा जगत सिंह, बाबा ग्लावियर सिंह,बाबा जगीर सिंह,बाबा मल सिंह,बाबा जसवंत सिंह,बाबा रामपाल सिंहसमेत अन्य उपस्थित थे.

**राज्यपाल ,नंद किशोर सहित अन्य गणमान्य ने तख्त साहिब में दी हाजरी**

**पटना सिटी (बृजेश गोस्वामी )।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 358 वां प्रकाश पर्व के पावन मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेका.

जहां पर जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने गुरुघर का आशीष सिरोपा दिया और गुरु महाराज के पवित्र वस्तुओं का दर्शन कराया. तख्त साहिब में प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह,वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, सचिव हरंवश सिंह ने गुरु महाराज के प्रतीक चिह्न व श्री साहिब भेंट की. प्रकाश पर्व में हाजिरी लगाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव,मंत्री सुनील कुमार, पूर्व मंत्री शहनबाज हुसैन,खेल मंत्री और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिव सुशील कुमार पासी, प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री मनप्रीत सिंह, जदयू नेता सह समाजसेवी जगजीवन सिंह,अनंत अरोड़ा समेत अन्य हाजिरी लगाने पहुंचे थे।इन लोगों का स्वागत प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह,वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, सचिव हरंवश सिंह,प्रवक्ता सुदीप सिंह,हरजीत सिंह ने किया।


## पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने बासुकीनाथ में किया पूजा अर्चना



**दुमका / प्रियव्रत झा।** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने सोमवार को बासुकीनाथ में पूजा अर्चना किया। जहां उन्हें बाबा मंदिर के गर्भगृह में पैतृक पंडा द्वारा वैदिक पद्धति से पूजा अर्चना संपन्न कराया गया। इसके बाद मंदिर प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री ने पूरे भक्ति भाव के साथ बाबा बासुकीनाथ की आरती की। आरती के समापन पर उन्होंने बाबा बासुकीनाथ से झारखंड सहित पूरे देश की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के बासुकीनाथ आगमन पर सुरक्षा का चाक चौबंद इंतजाम किया गया था ।

चप्पे- चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही नगर प्रशासन साफ सफाई को लेकर मुस्तैद नजर आई।

## वह समय दूर नहीं जब भारत में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी: पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी जल्द ही वर्चुअल तरीके से कई रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना में न्यू जम्मू रेलवे डिवीजन, चारलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन किया और ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगडा रेलवे डिवीजन बिल्डिंग की आधारशिला रखी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 की शुरूआत से ही भारत कनेक्टिविटी की तेज रफ्तार बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि मैंने कल दिल्ली ठउफ में 'नमो भारत' ट्रेन का शानदार अनुभव लिया और दिल्ली मेट्रो की अहम परियोजनाओं की शुरूआत की। कल भारत ने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हमारे देश में अब मेट्रो नेटवर्क एक हजार किलोमीटर से ज्यादा का हो गया है। मोदी ने कहा कि हमने देखा है, पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तनों का रहा है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक दृश्यमान परिवर्तन आया है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत में रेलवे के विकास को हम चार पैरामीटर्स पर आगे बढ़ा रहे हैं। रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण, रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी, रेलवे से रोजगार का निर्माण और उद्योगों को सपोर्ट शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में रेल कनेक्टिविटी का भी अद्भुत विस्तार हुआ है। 2014 तक देश में सिर्फ 35 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ था। आज भारत, रेल लाइनों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के करीब है। हमने रेलवे की पहुंच को भी लगातार बढ़ावा दिया है। बीते 10 वर्षों में 30 हजार किमी. से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोग कम समय में लंबी दूरी की यात्रा करना चाहते हैं, इसलिए हमने देश भर में हाई-स्पीड ट्रेनों की भारी मांग देखी है। आज 50 से ज्यादा रूटों पर वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। 136 वंदे भारत सेवाएं लोगों के सफर को आरामदायक बना रही हैं। मोदी ने कहा कि हमारा जम्मू-कश्मीर आज रेल इंफ्रास्ट्रक्चर में नए रिकॉर्ड बना रहा है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन की चर्चा आज पूरे देश में है। ये परियोजना जम्मू-कश्मीर को देश के और हिस्सों के साथ और बेहतरी से जोड़ेगी। इसी परियोजना के तहत दुनिया के सबसे उंचे रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब का काम पूरा हुआ है।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ असम के दौरे पर



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दो दिवसीय असम दौरे पर आज असम के विभिन्न संस्थाओं का दौरा कर पूर्वोत्तर के विकास कार्य को देखा। इस अवसर पर श्री सेठ ने बताया माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री हेमंता बिस्व शर्मा जी के नेतृत्व में असम रोजगार सृजन में भी कीर्तिमान बना रहा है। आज बजाली के पाताचारकुची अनुमंडल में दूध उत्पादक डेयरी किसान श्रीमती जूना तामुली बर्मन से मिला, उनके फार्म का भी अवलोकन किया। इनके उद्यम कौशल को लेकर पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार द्वारा इन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। जूना तामुली डेयरी फार्म के साथ-साथ मत्स्य पालन तालाब का भी रखरखाव करती हैं। यह सुखद लगता है कि छोटे शहरों की महिला किसान भी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रही हैं। अपनी आजीविका में सुधार कर रही हैं। श्रीमती बर्मन सभी महिला किसानों के लिए प्रेरणा हैं। असम के बजाली में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया यह आंगनबाड़ी केंद्र आधुनिक प्ले स्कूल है जो वहां के बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास की दृष्टि से हर सुविधा से सुसज्जित है।साथ ही असम में तपोवन स्पेशल स्कूल का अवलोकन कर बच्चों के संग संवाद किया वहां की शिक्षा प्रणाली से अवगत हुए साथ ही बजाली जिले के अधिकारियों के साथ भारत सरकार की विकास योजनाओं की समीक्षा की वहां के अनुमंडल सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया यहां नवजात शिशुओं को आधार कार्ड जारी करने की अच्छी व्यवस्था है जन्म प्रमाण पत्र के साथ ही आधार कार्ड भी दिए जाते हैं श्री सेठ ने कहा आज पूर्वोत्तर राज्य में विकास की गंगा बह रही है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व का यह परिणाम है।

## नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मिले शाहनवाज, कहा - उनकी विद्वता और प्रशासनिक क्षमता का बिहार को बहुत लाभ मिलेगा



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने सोमवार को पटना में राजभवन में बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की और नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि ये बिहार का सौभाग्य है कि आरिफ मोहम्मद खान जैसे विद्वान राज्यपाल बिहार को मिले हैं। उन्होंने कहा कि आरिफ मोहम्मद खान के शैक्षणिक और प्रशासनिक क्षमता का बेशुमार लाभ बिहार को मिलेगा। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से उनके पुराने और अच्छे ताल्लुकात हैं। उनका लंबा राजनीतिक अनुभव भी बिहार के विकास में काफी योगदान करेगा। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि एनडीए सरकार में बिहार का तेज गति से विकास हो रहा है। आधारभूत संरचना के विकास के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान शिक्षा, सामाजिक सुधार और सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने वाली शख्सियत हैं। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि राज्यपाल से मुलाकात कर उन्होंने शुभकामनाएं दी कि बिहार में उनका कार्यकाल अत्यंत सफल रहे और बिहार उनके अनुभवों का लाभ प्राप्त करते हुए असीमित ऊंचाई प्राप्त करे।

## इंडी गठबंधन केलिए सत्ता प्राप्ति का प्रपंच था 450 रुपए में सिलिंडर देने का वादा: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य सरकार पर फिर निशाना साधा। सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से पोस्ट करते हुए श्री मरांडी ने लिखा कि चुनाव के दौरान किए गए वादे केवल सत्ता हासिल करने का साधन बनकर रह जाएं, तो यह न केवल जनादेश का अपमान है बल्कि जनता के भरोसे के साथ छल भी।कहा कि जब इंडी गठबंधन ने 450 रुपए में गैस सिलेंडर और 3200 रूपए प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था, तब जनता ने इसे अपने भविष्य की उम्मीद के तौर पर देखा था।कहा कि अब जब हेमंत सरकार से इन वादों को पूरा करने की मांग की जा रही है, तो मुख्यमंत्री से लेकर सभी मंत्री गण बहाने गढ़ने में व्यस्त हैं। कहा कि हेमंत सरकार का रवैया यह केवल जनादेश का अपमान नहीं है, बल्कि नव निर्वाचित विधायकों को भी उपहास का पात्र बना रहा है। श्री मरांडी ने कहा कि जनता समझ चुकी है कि 5 लाख सालाना नौकरी के जुमले की तरह 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा भी केवल सत्ता प्राप्ति के लिए एक प्रपंच था। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में इस ठगबंधन सरकार के झूठ परत दर परत और उजागर होंगे।

# बीपीएससी और कोचिंग माफिया की भूमिका की जांच सीबीआई या सिटिंग जज से करायी जाय: शक्ति सिंह यादव



**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरूण कुमार यादव एवं प्रमोद कुमार सिन्हा के साथ संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बीपीएससी और कोचिंग माफिया की भूमिका की जांच सीबीआई या सिटिंग जज से करायी जाय। क्योंकि इस मामले में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है और सत्ता संरक्षित माफियाओं के द्वारा अभ्यर्थियों के साथ न्याय नहीं हो इसके लिए लगातार आन्दोलन की दिशा को भटकाया जा रहा है।

श्री शक्ति सिंह यादव ने आगे कहा कि अफसोस की बात है कि बीपीएससी और राज्य सरकार छात्रों से हीं धांधली के संबंध में साक्ष्य मांग रही है, यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। जबकि सभी को पता है कि किस तरह से बीपीएससी के परीक्षा में धांधली हुई और बापू परीक्षा केन्द्र की परीक्षा को रद्द करके दोबारा परीक्षा लिये गये जो कहीं न कहीं परीक्षार्थियों के साथ अन्याय हुआ है और बीपीएससी जो कहती थी कि नार्मलाईजेशन नहीं लागू करेंगे उसी ने दो तरह का परीक्षा लिया। यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित हो गया।

इन्होंने आगे कहा कि सत्ता संरक्षित बेबी प्रोजेक्ट और बाजारू शिखंडी को किस तरह से सरकार और भाजपा ने इस्तेमाल किया और उनकी इस आन्दोलन को दूसरी दिशा में भटकाने का जो प्रयास था वो कैसे आगे बढ़ाया गया यह स्पष्ट रूप से दिखा। जो लग्जरी वैनेटी वैन एक्टर्स ने लिया उसमें भाजपा की भूमिका की बातें सामने आ रही है। यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि इनको किसने माध्यम बनाया छात्रों के आन्दोलन को दिग्भ्रमित और दिशाहीन करने के लिए। आज जब सरकार और उनके किरदार की भूमिका के मामले पर बेबी प्रोजेक्ट के साथ सरकार के सांठ-गांठ की पोल खोली जानी थी तो उससे पहले उन्हें गिरफ्तार करने का खेल खेला गया। और उन पर वैसे मामले बनाये गये जो उनके बेल का आधार बना। स्पष्ट है कि उनके द्वारा जिस तरह से पटना की महिला एसपी को अभद्र भाषा इस्तेमाल किया गया था या एक प्रतिष्ठित चैनल की महिला पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार और अमर्यादित भाषा इस्तेमाल किया गया था उसके बाद भी उन पर कोई मामले नहीं दर्ज किये गये। यही अगर कोई दूसरा विपक्षी दल का नेता होता तो सरकार शासन-प्रशासन उनके साथ कैसा व्यवहार करती ये समझा जा सकता है।

इन्होंने फोटो दिखाते हुए कहा कि जेल सुप्रीटेंडेंट के यहां छापा पड़ता है लेकिन आर्थिक अपराध इकाई बेबी प्रोजेक्ट के साथी उस नीरज पर कार्रवाई क्यों नहीं करती है जो इस तरह के कार्यों में लिप्त रहे हैं और जिनकी भूमिका बहुत सारे मामले में सामने आये हैं। लेकिन शासन-प्रशासन इस तरह के लोगों को बचाने में लगी हुई है। श्री शक्ति सिंह यादव ने आगे कहा कि बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। बीजेपी के कब्जे में सीएमओ है और मुख्यमंत्री स्वयं टायर्ड हो चुके हैं और रिटायर्ड पदाधिकारी अपने मर्जी और मनमानी से सरकार चला रहे हैं। बिहार में बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ न्याय हो इसके लिए नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव डे फर्स्ट से उनके साथ खड़े हैं और उनको जब तक न्याय नहीं मिल जाता है तब तक उनके साथ खड़े रहेंगे। बिहार में परीक्षा पेपर लीक कराने वाला एक बड़ा गैंग कार्यरत है और वो सभी प्रतिष्ठित परिक्षाओं को प्रभावित अपने अनुसार करता है और इसमें बड़े लोगों की संलिप्ता सामने है। बिहार में बीपीएससी टीआर-3 की परीक्षा प्रश्न पत्र लीक हुए, सीएचओ के मामले में जिसे परीक्षा की जिम्मा दी गई उसी ने सौ करोड़ रुपए की डील की यह आर्थिक अपराध इकाई की जांच में प्रथम दृष्टया मामले सामने आये हैं। लेकिन उस मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। अब तक मुख्यमंत्री जी ने बीपीएससी अभ्यर्थियों के संबंध में एक शब्द नहीं बोला है लेकिन उनका जब मुंह खुलता है तो 2005 के बाद की सुन्दरता की खोज और उनके द्वारा अपने बखान से स्पष्ट होता है कि वो बिहार में सरकार अभ्यर्थियों के प्रति गंभीर नहीं है।

# पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारों में कटौती को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

- 26 जनवरी को पूरे राज्य में ग्राम सभा के माध्यम से सरकार के हस्तक्षेप के खिलाफ करायेंगे प्रस्ताव पारित
- 28 जनवरी को पटना में होगी अधिकार रैली
- ग्राम कचहरी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों वार्ड सचिवों/अनुरक्षकों आदि संगठनों का होगा महाजुटान सभी की लड़ाई लड़ने को आगे आया मुखिया महासंघ बिहार



**पटना।** राज्य में लगातार त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रान कचहरी के प्रतिनिधियों तथा अन्य संगठनों का लंबे समय से चल रहे आंदोलन को गति प्रदान करने को लेकर पटना स्थित दारोगा राय पथ ट्रष्ट भवन में प्रतिनिधियों तथा अन्य संघ के नेताओं का कार्यशाला आयोजित हुई । कार्यशाला की अध्यक्षता बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय की । राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आगामी 28 जनवरी को पटना में अधिकार रैली करने का प्रस्ताव पारित हुआ ।26 जनवरी को पूरे राज्य में आयोजित होगा ग्राम सभा और ग्राम सभा के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं एवं ग्राम कचहरी के प्रतिनिधियों के अधिकारों में की जा रही कटौती के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया जाएगा और उस प्रस्ताव की काँपी सरकार को भेजी जाएगी । प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि राज्य सरकार अगर भारतीय संविधान के 73 वे संशोधन से मिले अधिकार और 29 विषय को लेकर सकारात्मक फैसला नहीं लेती है तो अधिकारी रैली के बाद सभी पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर सरकार के हर जनविरोधी नीतियों का बहिष्कार करेंगे । बैठक में मुख्य रूप से सरपंच पाँच संघ वार्ड सचिव संघ के अध्यक्ष सहित सैकड़ों प्रतोनिधि और कोर कमिटी के सदस्य उपस्थित थे ।

बैठक के सोलर लाईट की खराब गुणवत्ता एवं चाइनीज सामग्री के उपयोग और उसकी प्रक्रिया तथा जाँच को लेकर ऊर्जा विभाग /ब्रेडा के प्रधान सचिव पंकज पाल के निर्णयों की प्रति जलाकर विरोध जताया गया । सभी प्रतिनिधियों ने एक स्वर से पंकज पाल को हटाने की माँग करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की माँग की । इस अवसर पर गया मुखिया संघ के अध्यक्ष डब्लू यादव एवं अन्य मुखिया उपस्थिति थे।

# 14 जिलों में चलाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस : मंगल पांडेय

- एक से 19 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोरों को दी जाएगी कृमि मुक्ति की दवा
- सरकारी एवं निजी विद्यालय सहित आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी होगा आयोजन

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य के बच्चों एवं किशोरों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए हर वर्ष राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस राज्य में 4 मार्च को राज्य के चिन्हित 14 जिलों में मनाया जाएगा। साथ ही 7 मार्च को मॉप-अप दिवस के रूप में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत 14 जिलों के एक से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोरों के बीच निर्धारित खुराक के अनुसार कृमि से मुक्ति की दवा यानी अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इस दिवस को चिन्हित जिलों के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, सभी विद्यालयों (सरकारी एवं निजी), तकनीकी संस्थानों, केंद्रीय व नवोदय विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। जिन 14 जिलों में इस दिवस का आयोजन होगा उनमें पटना, अररिया, भोजपुर, बक्सर, किशनगंज, दरभंगा, लखीसराय, नवादा, नालंदा, मधेपुरा, मधुबनी, पूर्णिया, रोहतास एवं समस्तीपुर जिले शामिल हैं। श्री मंगल पांडेय ने कहा कि बच्चों में व्यक्तिगत अस्वच्छता तथा संक्रमित दूषित मिट्टी के संपर्क में आने से कृमि संक्रमण होता है। कृमि संक्रमण से बच्चों के पोषण स्तर एवं हीमोग्लोबिन स्तर पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इससे बच्चों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास बाधित होता है। भारत सरकार के दिशा निदेर्शानुसार 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोरों को कृमि मुक्त करने के लिए राज्य में वर्ष में दो बार कृमि मुक्ति अभियान चलाया जाता है। श्री पांडेय ने कहा कि कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर निदेशक प्राथमिक शिक्षा, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक, निदेशक मध्याहन योजना एवं प्राइवेट स्कूल चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पटना सहित संबंधित विभागों के निदेशकों को जरूरी निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। कृमि मुक्ति की दवा स्वास्थ्य कर्मी लक्षित बच्चों एवं किशोरों को अपने सामने सेवन कराना सुनिश्चित करेंगे।

# बिहार में छात्रों पर लाठीचार्ज निरंकुश सरकार की निशानी,सरकार छात्रों की मांग पूरी करें : मंजूबाला पाठक



**पटना।** कांग्रेस नेत्री मंजूबाला पाठक ने मिडिया से बात करते हुए बताया कि बिहार में छात्रों के आंदोलन को पुलिस ,लाठी और बर्बरता के साथ दमन किया जा रहा है ।नीतीश सरकार छात्रों की मांग न ही मान रही है और न ही उनके प्रतिनिधिमंडल से बात कर रही है ।आखिर छात्र जाएं तो किधर उन्होंने कहा कि बीपीएससी छात्रों की मांग जायज और लाजमी है ।छात्रों ने यहां तक कह दिया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार केवल उनके प्रतिनिधिमंडल से मिल ले परंतु निरंकुश और अभिमानी सरकार यह भी मानने को तैयार नहीं ।छात्र पटना के गांधी मैदान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के नीचे शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे परंतु छात्रों को पुलिस द्वारा दौड़ा दौड़ा कर लाठी और डंडे से बड़ी बेरहमी से पीटा गया जिसमें छात्रों को गंभीर चोटें आई है ।कुछ की हालत गंभीर बनी हुई हैं और वो आई सी यू में भर्ती हैं ।मंजूबाला पाठक ने बताया कि छात्रों की ये हालात बिहार में बड़ी ही भयावह तस्वीर बयां करती हैं ।मंजूबाला पाठक ने कहा कि ये देश में युवाओं को केवल बरगलाया जा रहा हैं और बिहार में युवाओं को दमन किया जा रहा हैं ।उन्होंने बताया कि युवा छात्र हमारे देश की भविष्य और राष्ट्रनिमार्ता हैं और उनकी बात इस लोकतंत्र में नहीं सुनना अहंकारी सरकार की सत्ता लोलुपता और घमंड की परिचायक है ।मंजूबाला पाठक ने मिडिया से बताया कि बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस छात्रों के साथ हैं और उनके हर गतिविधि और जायज मांगों के पक्ष में है ।उन्होंने बताया कि सरकार की इस दमनकारी नीति की वो घोर भर्तसना करती है और बिहार सरकार से मांग करती है कि छात्रों की बात सुनें और उनकी मांगों पर ध्यान दें ।ज्ञात हो कि मंजूबाला पाठक शुरू से ही बिहार के युवाओं और छात्रों की मांगों के प्रति मुखर रहीं है ।

# खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने बिहार के 123 खिलाड़ियों को दिया 'सक्षम' खेल छात्रवृत्ति चयन प्रमाण पत्र

**पटना।** बिहार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने, आज पाटलिपुत्र खेल परिसर में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण तथा क्रीड़ा कार्यपालक आनंदी कुमार की उपस्थिति में, बिहार के 123 उत्कृष्ट खिलाडियों को सक्षम छात्रवृत्ति चयन प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया।



बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की खेल छात्रवृत्ति नीति के अन्तर्गत प्रेरणा,सक्षम और उत्कर्ष तीन वर्गों में खिलाडियों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान करने की योजना लागू है।

प्रेरणा के अन्तर्गत 3 लाख रुपये तक सलाना,सक्षम के अन्तर्गत 5 लाख रुपये तक तथा उत्कर्ष के अन्तर्गत 20 लाख रुपये तक सलाना छात्रवृत्ति देने का प्रावधान है।

राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता बिहार के खिलाड़ी ,विजेता टीम के सहभागी खिलाड़ियों के अलावा राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर की एकल प्रतियोगिताओं में प्रथम 8 स्थान पाने वाले तथा टीम प्रतियोगिताओं में प्रथम 4 स्थान पाने वाले खिलाडियों को सक्षम योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्ति के लिए चयनित किया जाता है।

ध्यान देने योग्य बात ये है कि छात्रवृत्ति की राशि खिलाड़ियों को नकद राशि के रूप में नहीं दी जाती है।


उनके बेहतर प्रशिक्षण ,खेल उपकरणों की उपलब्धि, विशेष प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए यात्रा,आवासन,भोजन तथा आवश्यक अतिरिक्त पोषण आहार के लिए सीधे इससे संबंधित प्रशिक्षकों,संस्थानों तथा प्रतिष्ठानों को भेज दी जाती है ताकि खिलाड़ियों को इस एवज में खर्च की चिंता ना करनी पड़े और सारा ध्यान अपने प्रदर्शन को बेहतर करने पर लगा रहे।

आगे उन्होंने कहा कि किसी प्रतियोगिता के दौरान खिलाडियों के चोटिल या अस्वस्थ होने पर उनके उपचार तथा अस्पताल का सारा खर्च सरकार वहन करती है।

खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल छात्रवृत्ति योजना ना सिर्फ खिलाड़ियों को आर्थिक रुप से सबल और सुरक्षित बनाती है बल्कि अपने प्रदर्शन में निरंतर सुधार कर उन्हें पदक जीतने के काबिल भी बनाती है। छात्रवृत्ति पाने वाले खिलाडियों की सूची संलग्न है।

## संक्षिप्त समाचार

### आसा पार्टी (कलमजीवी प्रकोष्ठ) की बैठक सम्पन्न



**पटना।** आप सबकी आवाज (आसा) पार्टी के कलमजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ प्रभात चन्द्रा ने आशियाना-दीघा रोड स्थित प्रकोष्ठ कार्यालय में बैठक कर सभी सदस्यों को सदस्यता अभियान में सक्रीय रूप से भाग लेते हुए, जिला और प्रखंड स्तर तक सदस्यों को विस्तारित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि आप सबकी आवाज (आसा) पार्टी, एक नई पार्टी है लेकिन हम सभी सदस्यगण राजनीतिक पार्टी में पूर्व से कार्यरत रहे हैं इसलिए पार्टी कार्यकलापों से भली भांति अवगत हैं। आसा पार्टी को जमीनी स्तर तक यह पहुंचाने का जो काम कर रहे हैं उसमें तेजी लाने की आवश्यक है। आसा पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में नया विकल्प बनाना है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने आसा पार्टी की सदस्यता अभी तक ग्रहण नहीं किया हैं, वे लोग शीघ्र सदस्यता ग्रहण कर लें और अपना सदस्यता प्रमाण पत्र को प्रकोष्ठ के ग्रुप में डाले, ताकि प्रकोष्ठ का विस्तार करने में मुझे सहूलियत हो।

डॉ प्रभात चंद्रा ने कहा कि जिन लोगों को कार्य करने में किसी तरह की कठिनाई हो तो मुझसे (प्रकोष्ठ अध्यक्ष) से सीधे या व्हाट्सएप के माध्यम से सूचित कर मार्ग दर्शन ले सकते हैं ।बैठक में ब्रजभूषण लाल कर्ण (पटना), दीपक कुमार सिन्हा (दरभंगा), चेतन थिरानी (पटना), शैलेश कुमार (पटना), अनुराग समरूप (पटना), जितेन्द्र कुमार सिन्हा (पटना), डॉ0 आर0के0 गुप्ता (मोतिहारी), अजय कुमार वर्मा (बेगूसराय), डॉ पंकज कुमार (मुजफ्फरपुर), डॉ प्रदीप कुमार (मुजफ्फरपुर), डॉ सी0 एन0 प्रसाद (पटना), चौधरी निरंजन प्रसाद (पटना), विजय श्रीवास्तव (पटना), रोहित सिन्हा (पटना), अश्विनी सिन्हा (पटना), शैलेश कुमार सिन्हा (पटना), आशुतोष कुमार (पटना), अमरेश दास (पटना), सुश्री रूपश दास (पटना), सुश्री सुषमा सिन्हा (नवादा), रोहितेश सिन्हा (पटना), रजनीश श्रीवास्तव (भोजपुर) एवं सुरेन्द्र कुमार रंजन (पटना) शामिल थे।

### उद्योग और रोजगार के मामले में आत्मनिर्भर हो रहा बिहार : अरविन्द सिंह

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि जहां राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव जी के शासनकाल में बिहार में सिर्फ सता संरक्षित अपहरण उद्योग स्थापित हुआ करता था और डर एवं भय के कारण कोई भी निवेशक बिहार में निवेश करने को तैयार नहीं था। सिर्फ भय एवं पलायन का वातावरण था वही आज एनडीए सरकार में राज्य में नई और अच्छी निवेश नीति का परिणाम है कि निवेशक बिहार में निवेश करने को उत्सुक हैं। आज प्रदेश में नए-नए छोटे बड़े उद्योग लग रहे हैं और हजारों - हजार की संख्या में रोजगार का सृजन हो रहा हैं। नवादा में सीमेंट प्लांट का शिलान्यास हो या मुजफ्फरपुर में भी सीमेंट प्लांट बनाने की तैयारी हो और तो और पटना के आसपास लॉजिस्टिक (गोदाम) बनाने की तैयारी। श्री अरविन्द ने कहा कि साथ ही अररिया, किशनगंज, बेगूसराय में नए कृषि लॉजिस्टिक (गोदाम) बनाने की तैयारी है, लगभग 40,000 प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन हो रहा हैं एनडीए सरकार में। एनडीए सरकार में नए उद्योग, नए रोजगार की बिहार में भरमार हो रहा हैं। एनडीए सरकार में बिहार में सुशासन का माहौल और लगातार विकसित होते इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण धीरे-धीरे बिहार निवेशको के लिए निवेश कर बिहार में उद्योग स्थापना की पसंद बनती जा रही है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैशाली को दी करोड़ों की विकास योजनाओं की सौगात: हिमराज राम



**पटना।** जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता श्री हिमराज राम ने फेसबुक लाइव के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और कहा कि राज्य सरकार के एजेंडे में बिहार का विकास पहले नंबर पर है। उन्होंने कहा कि बिहारवासियों की बेहतरी और उनके कल्याण के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार दिन-रात मेहनत करते और इस कड़ाके की ठंड में भी राज्य भर की ह्यप्रगति यात्राह्ल पर निकलना इसका उदाहरण है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार वैशाली जिले में विकास योजनाओं से संबंधित करीब 318 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है जिससे ये साफ पता लगाया जा सकता है कि वो राज्य के विकास के लिए कितने गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि नई विकास योजनाओं के अलावा इससे पूर्व में भी जिले में विकास को दर्जनों योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं जिससे जिले के लोगों की जिंदगी आसान हो सकी है।

हाजीपुर के रामाशीष चौक को गेटवे ऑफ नार्थ बिहार बनाया जाएगा। इसके कारण चौक की खूबसूरती तो बढ़ेगी, साथ ही आए दिन लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। जिले के महुआ में मेडिकल कॉलेज बन रहा है वहीं बेलसर प्रखंड में पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण कराया गया है जहां बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पा रहे हैं। साथ ही जिले के राजापाकर में आईटीआई कॉलेज, महनार प्रखंड में आईटीआई कॉलेज का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि वैशाली में 320 करोड़ रुपये की लागत से बुद्ध सम्यक संग्रहालय का निर्माण कराया जा रहा है जो जिले में पर्यटन के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि हाजीपुर सदर अस्पताल में जल्द ही पांच सौ बेड की क्षमता का भवन का निर्माण कराया जाएगा जिससे मरीजों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए जिले से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। पटना से उत्तर बिहार को जोड़ने के लिए कच्ची दरगाह-विदुपुर छह लेन पुल का निर्माण किया जा रहा है जिससे लोगों को आवागमन में काफी आसानी होगी और लोग कम समय में पटना पहुंच सकेंगे। यह पुल मुख्य रूप से तीन नेशनल हाईवे और एक स्टेट हाईवे के साथ ही महात्मा गांधी सेतु और जेपी गंगा पथ से भी जुड़ेगा।

# पिट गया पीके का आंदोलन : प्रभाकर मिश्र

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने प्रशांत किशोर पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि बिहार में पीके का आंदोलन और उनकी राजनीति पूरी तरह पिट चुकी है। प्रशांत किशोर छात्रों को गुमराह कर अपनी राजनीति चमकाना चाहते थे, लेकिन यह बिहार है। बिहार के लोग असली और नकली को परखना अच्छी तरह जानते हैं। यहां के लोग उड़ती चिड़िया को भी हल्दी लगाना जानते हैं।

श्री मिश्र ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दो नाव पर सवार होने से क्या होता है, प्रशांत किशोर अब अच्छी तरह समझ गये होंगे। इसी को कहा जाता है, 'न खुदा ही मिला और न विसाल-ए-सनम।' प्रशांत किशोर न तो पूरी तरह नेता बन पाये और न ही अब चुनावी रणनीतिकार रहे। कहां तो उनका अच्छा कारोबार चल रहा था, लेकिन नेता बनने का उनपर भूत सवार हो गया और जो हश्र हुआ, वह सबके सामने है। प्रशांत किशोर को अहले- सुबह गिरफ्तार कर लिया गया और उनका आंदोलन फुस्स हो गया।? श्री मिश्र ने कहा कि बिहार में कानून का राज है, चाहे कोई भी हो, जो भी कानून को हाथ में लेगा उसे अदालत के कटघरे में खड़ा होना पड़ेगा। प्रशांत किशोर ने भी कानून का उल्लंघन किया। उनपर प्रतिबंधित क्षेत्र में गैर-कानूनी ढंग से धरना-प्रदर्शन करने का आरोप है।

श्री मिश्र ने कहा हालांकि शर्तों के साथ 25 हजार मुचलके पर कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है। लेकिन, अब जेल में अनशन करने का पैतरा कर रहे हैं। इसे पीके की नासमझी ही कही जायेगी, जब बीपीएससी पीटी की पुनर्परीक्षा हो चुकी, बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल हुए और अभ्यर्थियों में किसी तरह का रोश नहीं है, तब पीके बिना मतलब बाराती में फूफा बने हुए हैं।

# पावर स्टार पवन सिंह के जन्मदिन पर रिलीज हुआ धमाकेदार गाना आरा के ओठलाली

**पटना।** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह ने नए साल 2025 की शुरूआत एक जबरदस्त गाने के साथ की है। उनके जन्मदिन के खास मौके पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इस गाने को भव्य कार्यक्रम आयोजित कर रिलीज किया गया. उनका नया गाना ₹आरा के ओठलाली₹ न केवल भोजपुरी दर्शकों का दिल जीत रहा है, बल्कि यह गाना यूट्यूब और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। गाने की लॉन्चिंग में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, अभिनेता व सांसद मनोज तिवारी, पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह, यूपी सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता भी शमिल हुए. उन्होंने पवन सिंह को गाने और जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

सारेगामा हम भोजपुरी ने पवन सिंह के जन्मदिन पर यह गाना रिलीज कर उन्हें खास तोहफा दिया है। गाने ने अभी तक 50 लाख व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है और ट्रेंडिंग लिस्ट में एक नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। इस गाने को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि यह साल की शुरूआत में ही भोजपुरी संगीत इंडस्ट्री के लिए एक बड़ा तोहफा है।

₹आरा के ओठलाली₹ को पवन सिंह और प्रसिद्ध गायिका कल्पना पटवारी ने अपनी आवाज दी है। यह पहली बार नहीं है कि पवन सिंह ने अपने प्रशंसकों को अपनी आवाज से मंत्रमुग्ध किया हो, लेकिन इस गाने में उनके सुरों के साथ कल्पना पटवारी की आवाज का मेल इसे और भी खास बना देता है। गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि इसका म्यूजिक प्रियांशु सिंह और रजत नागपाल ने कंपोज किया है। पी आर ओ रंजन सिन्हा हैं।



गाने का म्यूजिक वीडियो भी दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इस वीडियो में पवन सिंह के साथ नई अदाकारा सोनम मलिक नजर आ रही हैं। सोनम का यह भोजपुरी डेब्यू है, और पवन सिंह के साथ उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। वीडियो में दोनों की परफॉर्मेंस ने गाने की ऊर्जा को और बढ़ा दिया है। अपने जन्मदिन पर इस गाने को रिलीज कर पवन सिंह ने अपने प्रशंसकों को धन्यवाद दिया और उनसे आशीर्वाद के रूप में गाने को भोजपुरी इंडस्ट्री का सबसे बड़ा गाना बनाने की अपील की। पवन सिंह ने कहा, ₹आरा के ओठलाली केवल एक गाना नहीं, बल्कि मेरे दिल के करीब है। मैंने इसे दिल से गाया है और यह गाना भोजपुरी के साथ-साथ हिंदी दर्शकों को भी खूब पसंद आएगा। मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसक इसे प्यार और आशीर्वाद देंगे। पवन सिंह के पी आर ओ ने इस गाने को पवन सिंह और उनके फैंस के लिए ₹जन्मदिन का सरप्राइज₹ बताते हुए कहा कि, ₹पवन सिंह सिर्फ एक गायक और अभिनेता नहीं, बल्कि भोजपुरी इंडस्ट्री का अभिन्न हिस्सा हैं। इस गाने के माध्यम से हमने उनके फैंस को साल 2025 की शुरूआत में खास तोहफा देने की कोशिश की है। गाने की रिलीज के बाद पवन सिंह के फैंस सोशल मीडिया पर उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं। कई फैंस ने इसे नए साल का ₹ब्लॉकबस्टर गाना₹ बताया है। गाने का म्यूजिक, लिरिक्स और पवन सिंह की आवाज का जादू फैंस को झूमने पर मजबूर कर रहा है। आरा के ओठलाली₹ ने साल 2025 की शुरूआत में ही भोजपुरी इंडस्ट्री में धमाल मचा दिया है। पवन सिंह के जन्मदिन पर रिलीज यह गाना उनके प्रशंसकों के लिए किसी बड़े तोहफे से कम नहीं है। आने वाले दिनों में यह गाना और भी रिकॉर्ड तोड़ सकता है। गाना सुनने के लिए यूट्यूब पर जाएं और इसे सुपरहिट बनाने में अपना सहयोग दें। इस मौके पर इंपा के अध्यक्ष अभय सिन्हा, निमार्ता निशांत उज्जवल, गायक व अभिनेता रितेश पांडे, गुंजन सिंह, उधारी बाबू, अभिनेत्री अंजना सिंह, चांदनी सिंह, क्वीन शालिनी, गायिका सोना सिंह, इत्यादि मौजूद थे।

# युवा राजद ने सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रतिरोध मार्च निकाला, पुतला दहन

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** युवा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में सोमवार को केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रतिरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान अस्पताल चौराहा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया।



युवा जिला अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार बिहार के युवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रतिभागियों के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में कोई भी परीक्षा ऐसी नहीं है जिसमें प्रश्न पत्र लीक न हुआ हो। यह सरकार की नाकामी और प्रशासनिक लचरता को दर्शाता है।

मनोज यादव ने आगे कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने उपमुख्यमंत्री के कार्यकाल में 3.50 लाख पदों का सृजन किया था, लेकिन राजनीतिक ईर्ष्या के कारण अब तक उन पदों पर बहाली नहीं हो पाई है। बीपीएससी (बिहार लोक सेवा आयोग) में जारी अनियमितताओं ने बिहार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मसार किया है।

उन्होंने कहा कि युवा राजद आदरणीय तेजस्वी यादव के नेतृत्व में और राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में बिहार के युवाओं के अधिकार की लड़ाई को लेकर कभी चुप नहीं बैठेगा।

इस मौके पर कुंदन चंद्रवंशी, अरविंद यादव, पवन यादव, पंकज यादव, रजनीश पासवान, शेखर कुमार, नासिर हुसैन, विनोद प्रसाद, राहुल साहू, अजय रविदास सहित सैकड़ों युवा राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्रामीणों और प्रतिभागियों ने इस आंदोलन का समर्थन किया और सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की।

# साइबर ठगों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस का वाहन चेकिंग अभियान जारी

**कतरीसराय(नालंदा)(नवशक्ति)।** सोमवार को स्थानीय पुलिस ने साइबर ठगों पर नकेल कसने के लिए वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक शराबी को गिरफ्तार किया गया और विभिन्न वाहनों से कुल 3,500 रुपये का चालान काटा गया। पुलिस के इस अभियान से साइबर ठगी में संलिप्त असामाजिक तत्वों की बेचैनी बढ़ गई है।



पुलिस को जब भी साइबर ठगों के सक्रिय होने की सूचना मिलती है, तो तुरंत नाकेबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू कर दी जाती है। हालांकि, ठग भी पुलिस की रणनीतियों से बचने के लिए रास्ते बदलकर भागने का प्रयास करते हैं। लेकिन पुलिस के इस सख्त रवैये के कारण उनकी गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगा है। थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी के नेतृत्व में लगातार की जा रही छापेमारी से साइबर ठगी के बड़े गिरोह पलायन करने को मजबूर हुए हैं। वहीं, इस दबाव के चलते छोटी मछलियां भी अपना धंधा बंद करने पर विवश हो रही हैं। थाना क्षेत्र में नियमित वाहन चेकिंग अभियान से न केवल साइबर ठगों की गतिविधियां सीमित हो रही हैं, बल्कि इससे सरकारी राजस्व में भी वृद्धि हो रही है। पुलिस का यह प्रयास क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और साइबर ठगी पर अंकुश लगाने के लिए सराहनीय है।

## शिक्षाविद बच्चु नारायण सिंह का निधन, शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति



**कतरीसराय(नालंदा)(नवशक्ति)।** कटौना गांव निवासी और शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, नूरसराय, नालंदा के सेवानिवृत्त सहायक प्राचार्य, 91 वर्षीय बच्चु नारायण सिंह का उनके पैतृक गांव में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही शोक संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए उनके निवास स्थान पर लोगों का तांता लग गया। भाकपा नेता सतेंद्र कृष्ण उर्फ चुन-चुन सिंह, महेश्वरी सिंह, मनोज सिंह, और पैक्स अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बच्चु नारायण सिंह न केवल एक श्रेष्ठ शिक्षक थे, बल्कि समाज को हमेशा सच्चाई और नैतिकता का संदेश देते थे। वे शैक्षणिक परिचचाओं में हमेशा सक्रिय रहते थे और समाज में न्याय और समरसता स्थापित करने के लिए प्रयासरत रहते थे। उनके निधन से क्षेत्र के शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई लंबे समय तक संभव नहीं होगी। क्षेत्र के लोगों ने उनकी शिक्षाओं और योगदान को याद करते हुए उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विधायक राकेश रौशन ने पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष की माता के निधन पर जताया शोक



**इस्लामपुर (नालंदा)(नवशक्ति)।** इस्लामपुर के विधायक राकेश कुमार रौशन ने भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष उजाला सोनी की माता के निधन पर उनके आवास पहुंचकर पुष्प अर्पित किए और शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा नेता वीरेंद्र गोप, महेंद्र सिंह यादव, विजय विश्वकर्मा, सतेंद्र कुमार, उपमुख्य पार्षद तनवीर आलम, मुखिया प्रतिनिधि पप्पू कुमार, सहान प्रवेज, राजेश खन्ना, सुनील कुमार, टिंकू कुमार, दीपक कुमार चतुर्वेदी बाबा, अजीत केसरी, आकाश कुमार, मजदूर संघ के अध्यक्ष जियाउद्दीन, इमरान जमील और आफताब आलम सहित दर्जनों सामाजिक व राजनीतिक लोग शामिल थे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## आज होगी स्थाई सशक्त समिति की बैठक ,11 बिंदुओं पर होगी चर्चा

**हरनौत (नालंदा)(नवशक्ति)।** स्थानीय नपं में आज मंगलवार को स्थाई सशक्त समिति की बैठक रखी गई है ।ईओ सौरभ सुमन ने बताया कि बैठक कार्यालय परिसर में दोपहर 12 से रखी गई है। वहीं उप मुख्य पार्षद गीता देवी के प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने बताया कि साफ-सफाई एजेंडा की अवधी का विस्तार , सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट एवं हाई मास्क लगाने , विश्वकर्मा मोड़ पर स्थित सुलभ शौचालय का जीर्णोद्धार , विभिन्न योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति , नाला सफाई की माह दिसंबर की घटनात्तर स्वीकृति , नपं कार्यालय में गमला सहित फूल लगाने , सभी वार्डों के लिए बैग , कलम व डायरी , अलाव की व्यवस्था , महिला सफाई कर्मी हेतू साड़ी की व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

## नालंदा में अत्यधिक ठंड के कारण स्कूलों पर कक्षाएं निलंबित, आदेश जारी

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** नालंदा जिले में लगातार बढ़ रही ठंड और गिरते तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है ।नालंदा के जिला दंडाधिकारी श्रीकांत कुंडलीक खांडेकर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों (प्री-स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों सहित) में कक्षा 8 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर 11 जनवरी 2025 तक रोक लगा दी है ।कक्षा 8 तकः शैक्षणिक गतिविधियां पूरी तरह से स्थगित रहेंगी। कक्षा 9 और उससे ऊपर की कक्षाएंः पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक संचालित की जा सकेंगी।

# बिहार बागवानी महोत्सव में नालंदा के किसानों ने किया जिले का नाम रोशन

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** बिहार बागवानी महोत्सव 2024-25 में नालंदा जिले के किसानों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दो प्रमुख श्रेणियों में टॉप पोजीशन हासिल की। पटना के गांधी मैदान में आयोजित इस तीन दिवसीय महोत्सव में चंडी प्रखंड के वीर अभिमन्यु सिंह और कुमार सौरव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया।



गौढ़ापर चंडी के प्रगतिशील किसान और प्रज्ञा कृषक हित समूह तिलैया के अध्यक्ष वीर अभिमन्यु सिंह ने फल संरक्षण और प्रसंस्करण पर आधारित उत्कृष्ट जेली निर्माण के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, चंडी डीह के युवा कुमार सौरव, जो सत्येंद्र कुमार के पुत्र हैं, ने अपने स्वादिष्ट नारियल लड्डू से द्वितीय स्थान हासिल किया।

नालंदा जिला उद्यान पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि विजेताओं को क्रमशः पांच हजार और चार हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस मौके पर चंडी नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार और चंडी उप मुख्य पार्षद प्रवीण कुमार सुमन ने दोनों विजेताओं को बधाई दी।

कृषि मंत्री मंगल पांडे ने महोत्सव का समापन करते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि इस बार महोत्सव में 788 किसानों ने 1200 से अधिक प्रादर्शों का प्रदर्शन किया। पूर्णिया और वैशाली जिलों ने सामूहिक प्रदर्शन में शीर्ष स्थान हासिल किया। महोत्सव के दौरान करीब 25 लाख रुपये के बागवानी उपकरण, बीज, पौधे और अन्य उत्पादों की बिक्री हुई।

चंडी प्रखंड के किसानों की इस सफलता ने साबित किया कि सही मंच मिलने पर ग्रामीण प्रतिभाएं राज्य स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। मंत्री ने बागवानी के क्षेत्र में राज्य की भागीदारी और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास जारी रखने की बात कही।

## प्रखंड में ठंड का बढ़ा प्रकोप, घने कोहरे के कारण बनी रहती कनकनी



**हरनौत (नालंदा) (नवशक्ति)।** स्थानीय प्रखंड में ठंड का जबरदस्त प्रकोप दिख रहा है। धूप निकलने के बाद भी तापमान में लगातार हो रहे गिरावट के कारण ठंड का सितम जारी है। बढ़ती ठंड से आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गर्म कपड़ों के साथ ही अलाव का भी सहारा लिया जा रहा है। बावजूद कनकनी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।

इस ठंड में सार्वजनिक स्थानों पर लोग अपने स्तर से ही अलाव का व्यवस्था कर ठंड को झेलने पर विवश दिख रहे हैं। हालांकि कहीं-कहीं सरकारी स्तर से भी अलाव की व्यवस्था किया गया है। तापमान में लगातार हो रही गिरावट से लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी है। सोमवार को दोपहर में कुछ देर के लिए सूर्यदेव के दर्शन भी हुए, लेकिन परेशानी बनी रही।

## समाज हित में 'गूंज' संस्था का प्रयास: आंगनवाड़ी सेविकाओं की बैठक आयोजित

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** अस्थावां प्रखंड अंतर्गत मोहम्मदपुर पंचायत भवन में आंगनवाड़ी सेविका मुन्नी कुमारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अंतरराष्ट्रीय संस्था 'गूंज' के सहयोग से सामाजिक और आर्थिक विकास पर चर्चा की गई।



गूंज के प्रतिनिधि पुरुषोत्तम कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि संस्था के राज्य प्रमुख शिवजी चतुर्वेदी के नेतृत्व में बिहार के कई जिलों के गांवों में समाज के हर वर्ग–बच्चों, पुरुषों, महिलाओं, किसानों, आंगनवाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, और ग्रामीण चिकित्सकों के लिए सहयोग के प्रयास किए जा रहे हैं। संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि नालंदा के कई गांवों में 'सीएफडब्ल्यू किट' (काम के बदले संसाधन किट) के माध्यम से कार्य की जिम्मेदारी ग्राम नियोजन केंद्र, बस्ती, और मानव सेवा केंद्र लोहड़ी को सौंपी गई है। इस अभियान के तहत ग्रामीणों को उनके कार्य के बदले 'सीएफडब्ल्यू किट' देकर सम्मानित किया जाएगा। इस बैठक में ग्राम नियोजन केंद्र संस्था के बिक्की कुमार, राजो दास, दुखी महतो, योगेंद्र दास, रेखा देवी, रुबी कुमारी, जीविका की सीएम सुषमा कुमारी, अंबिका कुमार, अनीता देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कई सदस्यों ने अपने विचार साझा किए और इस पहल की सराहना की।

## इस्लामपुर विधायक राकेश रौशन ने किया नाला निर्माण का उद्घाटन

**इस्लामपुर (नालंदा) (नवशक्ति)।** इस्लामपुर विधानसभा के विधायक राकेश रौशन ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। भ्रमण के दौरान उन्होंने वेले पंचायत के किशुनदेव बिगहा, सराड़ा, मुस्तफापुर, और लालजी बिगहा गांवों का दौरा किया।




लालजी बिगहा में विधायक राकेश रौशन ने अपने फंड से छह लाख रुपये की लागत से निर्मित नाले का उद्घाटन किया। यह नाला रामस्वरूप प्रसाद के घर से बृजनंदन प्रसाद के घर तक बनाया गया है। उद्घाटन के दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे हमेशा प्रतिबद्ध हैं और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं।

इस अवसर पर इस्लामपुर प्रखंड के प्रमुख प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद, वेले पंचायत की मुखिया रंजू देवी, विजेंद्र यादव, दिनेश प्रसाद सहित राष्ट्रीय जनता दल के सैकड़ों कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने विधायक द्वारा किए गए इस विकास कार्य की सराहना की और उनके प्रति आभार प्रकट किया।

# 13 को मनाई जाएगी सर गणेश दत्त की जयंती, हुई बैठक

## जयंती समारोह में डिप्टी सीएम समेत कई दिग्गज करेंगे शिरकत

**हरिओम कुमार**

**हरनौत( नालंदा) (नवशक्ति)।** सामाजिक चेतना के लिए महान दानवीर सर गणेश दत्त का पूरा जीवन समर्पित रहा। 13 जनवरी को उनकी 158वां जयंती स्थानीय प्रखंड के प्लस-टू हाई स्कूल गोनावां-पोआरी में मनायी जाएगी।

वहीं सोमवार को जयंती को समारोह पूर्वक मनाने हेतु स्कूल परिसर में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जयंती समारोह के अध्यक्ष सह बिहार मगही अकादमी के पूर्व अध्यक्ष कवि उदय शंकर शर्मा उर्फ कलम बेशमरी ने किया ।

सर गणेश दत्त 18 वर्ष की आयु में पढ़ाई शुरू की थी जयंती समारोह के अध्यक्ष ने बताया कि महान दानवीर लोगों के उत्थान के लिए संघर्ष करते रहे थे। सर गणेश दत्त 18 वर्ष की आयु में पढ़ाई शुरू की थी। इसके बाद उन्होंने डॉक्टरेट किया। कोलकाता हाईकोर्ट में वकालत की। इतना ही नहीं सर गणेश दत्तने मंत्री रहते हुए शिक्षा, चिकित्सा, यातायात इत्यादि जनहित काम में अद्भुत योगदान दिया था। भारतीय स्वतंत्रता के लिए पवित्र ह्रदय से काम किया था। वे अपने वेतन का तीन तिहाई भाग समाजिक कार्यों में खर्च किया करते थे। उसके बाद भी खुद के खर्च चलाकर बचे पैसे को परिवार के नहीं बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में अन्य काम करते थे। सर गणेश दत्त से जुड़े संस्थाओं में आज भी हजारों लोगों को शिक्षा दी जा रही है। वेतन के हिस्से के बचे पैसे से उन्होंने शिक्षण संस्थाओं, गरीबों, लाचारों और विधवाओं की सेवा में उन्होंने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। बताया कि वे तत्कालीन बिहार-उड़ीसा संयुक्त प्रांत के मंत्री थे।



जयंती समारोह में डिप्टी सीएम समेत कई दिग्गज करेंगे शिरकत श्री कवि व अधिवक्ता राजीव रंजन सिंह ने बताया कि समारोह में बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के अलावा नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार , सारण के एमएलसी सच्चीदानंद राय , विधायक हरी नारायण सिंह , एमएलसी नीरज कुमार , केके विश्व विद्यालय के डॉ. रवी चौधरी एवं कई अन्य गणमान्य लोग की आने की सहमति मिल चुकी है। बैठक में डॉ सुधांशु , प्रो. रामनंदन सिंह, पैक्स अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार , राम बहादुर सिंह , भास्कर कुमार , सुरेंद्र प्रसाद अकेला , बौआ जी समेत अन्य मौजूद थे।

नव शक्ति समाचार पत्र मैं प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अत: कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालय: कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक – मुद्रक एवं स्वामी: जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुर्दित। सम्पर्क नम्बर: 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI-BIHHIN/2012/43368

# नए साल में मंदिरी नाले की मिलेगी शुरूआत, कमियों को जल्द पूरा करने का दिया गया निर्देश: नितिन नवीन

पटना। आज दिनांक 6 दिसंबर को बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री माननीय श्री नितिन नवीन जी द्वारा मंदिरी नाले का निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता मंदिरी नाले का निर्माण है। मंदिरी में बड़ी आबादी रहती है, इस प्रोजेक्ट से पूरा इलाके प्रभावित है। सरकार की इस पर विशेष नजर है, इसलिए कमियों को जल्द पूरा किया जाए। इस दौरान उनके साथ नगर निगम आयुक्त अनिमेष पराशर समेत विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।



वहीं, निरीक्षण के बाद माननीय मंत्री जी ने कहा कि मंदिरी नाले पर सड़क का निर्माण भी किया जा रहा है, जिसे भविष्य में गंगा पथ से जोड़ा जायेगा। इस योजना के पूरा होने पर लोगों को ट्रैफिक समस्या से निजाद मिलेगी। इसके अलावा नाले की साफ सफाई पर भी लगातार मोनिटिरिंग रखने को कहा गया है। इस निर्माण कार्य के पूरा होने पर करीब 3 लाख आबादी को सीधे फायदा होगा। इस प्रोजेक्ट को मार्च 2025 तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

गौरतलब हो कि मंदिरी नाले को कवर करते हुए 1289 मीटर लंबी स्मार्ट सड़क निर्माण का लक्ष्य है। इसे बनाने में 86.98 करोड़ खर्च होंगे। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद यातायात प्रवाह में आसानी होगी। साथ ही बेली रोड से अशोक राजपथ तक सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। वर्तमान में यात्रियों को डाकबंगला क्रासिंग, फ्रेजर रोड और गांधी मैदान से होकर गुजरना पड़ता है।

वहीं, मंदिरी नाले के निरीक्षण बाद माननीय मंत्री जी ने पटना स्मार्ट सिटी के तहत बांस घाट में बन रहे आधुनिक विद्युत शवदाह गृह प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। इस संबंध में माननीय मंत्री जी ने बताया कि बांस घाट पर आधुनिक तकनीक से युक्त पांच एकड़ में विद्युत शवदाह गृह का निर्माण 89 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से हो रहा है। यहां विद्युत मशीन और लकड़ी पर शव को जलाने की व्यवस्था की जाएगा। शवदाह गृह के आगे दो तालाब बनाये जाएंगे जिसमें गंगा का पानी भरा रहेगा। इसमें लोग स्नान कर सकेंगे। लोगों के स्नान करने से लेकर अन्य गतिविधियों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। आधुनिक शवदाह गृह बनने से बांस घाट पर शव जलाने वालों की संख्या भी बढ़ेगी।

# मौरिशस भारत का आभारी, यह हमारा दूसरा घर : डा सरिता बुधु

**पटना।** भारत ने मौरिशस के उत्थान में पिछले अनेक वर्षों से लगातार बड़ी सहायता की है। इसलिए मौरिशस भारत का आभारी है। हमारे पूर्वज लगभग १९० वर्ष पूर्व भारत से मजदूर के रूप में मौरिशस गए थे। आज हम बिहारी और पूर्वांचल मूल के लोगों का ही मौरशस में शासन है। भारत हमारा दूसरा घर है। हमारे पूर्वजों का पवित्र घर। यह बातें सोमवार को सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डा जितेंद्र कुमार सिंह के आवास पर आयोजित प्रीतिभोज में उपस्थित नगर के वरिष्ठ नागरिकों की एक सभा को संबोधित करती हुईं, मौरिशस के पूर्व उपप्रधानमंत्री डा हरीश बुधु की पत्नी और सुविख्यात संस्कृति सँवाहिका साहित्यकार डा सरिता बुधु ने कही। डा बुधु के सम्मान में भारत मौरिशस मैत्री संघ के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ की



अध्यक्षता में आयोजित इस सभा में डा बुधु ने उपस्थित प्रबुद्धजनों को मौरिशस आने का आमंत्रण भी दिया।

इस अवसर पर पत्रकार शशिभूषण कुमार और अमित कुमार विश्वास की पुस्तक 'मानवाधिकार : एक दृष्टि' का लोकार्पण भी किया गया। सुप्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ और बिहार के पूर्व निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य डा विजय शंकर सिंह, सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डा शीला शर्मा, भारतीय होमियोपैथी चिकित्सा परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा रामजी सिंह, पूर्व निदेशक-प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएँ डा एच एन दिवाकर, भारतीय चिकित्सा संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा सहजानन्द, आरती सिंह, रवींद्र खरात आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## 5 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हरनौत (नालंदा)(नवशक्ति)।** स्थानीय थाना के पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एसएचओ मो. अबू तालिब अंसारी ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान तीन लोगों को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया। साथ ही नियामतपुर मोहल्ला में छापेमारी के क्रम में 5 लीटर देसी चुलौआ शराब के साथ उमेश चौधरी के पुत्र राकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया।

## गुप्त सूचना पर अवैध देशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**कटोरिया/बांका(विजय आनंद)।** कटोरिया पुलिस ने रविवार देर रात थाना क्षेत्र के भलबेहड़ी गांव में छापेमारी कर 25 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार कारोबारी गांव के एतवारी यादव का पुत्र पंकज यादव बताया गया है। छापेमारी अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय कर रहे थे। मामले को लेकर थाना में शराब निषेध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे बांका जेल भेज दिया गया।

## अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**कटोरिया/बांका (विजय आनंद)।** रविवार की रात सुईया थाना क्षेत्र के बरफेरा तेतरिया पंचायत के डुमरिया गांव स्थित जहीर आलम की दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। जानकारी के अनुसार, चो बसरों ने दुकान के ग्रील को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दुकान में रखे 15 हजार रुपये नकद के साथ कुछ अन्य सामान भी चुरा ले गए। पीड़ित जहीर आलम ने सुईया थाना में आवेदन देकर मामले की जांच और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना से वह आर्थिक रूप से प्रभावित हुए हैं और चाहते हैं कि अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए। इस संदर्भ में सुईया थाना के थानाध्यक्ष विशाल कुमार ने कहा कि मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम आरोपियों की पहचान करने में जुटी है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि उचित कार्रवाई की जाएगी और घटना में शामिल सभी आरोपियों को सलाखों के पीछे डाला जाएगा। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है, और स्थानीय लोग पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

## प्रशांत किशोर के नेतृत्व में धरना अवैध, इसीलिए गिरफ्तार किए गए: राजीव रंजन

**पटना।** जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने श्री प्रशांत किशोर की गिरफ्तारी को सही ठहराते हुए कहा कि पटना गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर पीके द्वारा आयोजित धरना पूरी तरह से निर्धारित नियमों के प्रतिकुल था। बार बार पटना जिला प्रशासन की चेतावनी के बावजूद अराजक तरीके से उन्होंने धरना जारी रखा । श्री प्रसाद ने कहा कि 2015 के माननीय पटना हाईकोर्ट के फैसले से स्पष्ट है कि जिला प्रशासन द्वारा निर्दिष्ट स्थल पर ही पूर्व अनुमति के आधार पर ही धरना दिया जा सकता है, इससे इतर अन्यत्र कहीं भी इस तरह के प्रदर्शन अवैधानिक होंगे। स्पष्ट है कि जन सुराज एवं प्रशांत किशोर ने नियमों की धज्जियाँ उड़ाई और प्रतिबंधित क्षेत्र में धरना पर बैठ कर नौजवानों को भड़काने का प्रयास करते रहे थे अंततः जिला प्रशासन ने विवश होकर उन्हें गिरफ्तार करना पड़ा ।

## अलाव के नाम पर कुर्था नगर पंचायत प्रशासन बंदरबांट



**कुर्था, (संवाददाता)।** कुर्था नगर पंचायत को प्रत्येक वर्ष ठंड के मौसम में चौक चौराहों पर लोगों को ठंड से राहत के लिए लकड़ी उपलब्ध कराने को लेकर सरकार द्वारा अतिरिक्त फंड उपलब्ध कराए जाते हैं। लेकिन जिस तरह से योजनाओं का बंदरबांट होता है। उसी तरह लकड़ी की खरीदारी के लिए स्वीकृत राशि में भी गड़बड़ झाला होता है। इसका स्पष्ट प्रमाण शहर के चौक चौराहों पर जल रहे अलाव खुद दे रहे हैं। कुर्था नगर पंचायत द्वारा किए गए इस इंतजाम की जमीनी हकीकत जानने के लिए सोमबार की शाम चौक चौराहा का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान जो बात सामने आई वह ठंड से राहत के नाम पर खानापूर्ति से ज्यादा कुछ भी नहीं नजर आई। प्रभात खबर की टीम शाम को कुर्था बीच बाजार पहुंची।तो रामजी होटल के पास अलाव जल रहा था। हालांकि यह टुकड़े राहगीरों को गर्मी जरूर दे रही थी। लेकिन लकड़ी की कम मात्रा यह स्पष्ट कर रही थी कि कुर्था नगर पंचायत द्वारा ठंड से राहत के नाम पर खानापूर्ति के अलाव और कुछ नहीं है। हालांकि देखा गया कि कुर्था नगर पंचायत के ईके दुके जगह पर ही अलाव की व्यवस्था की गई है जहां लोग ठंड से निजात पाने के लिए आग तापते देखे जा रहे थे हालांकि लोग नगर पंचायत कुर्था द्वारा की गई अलाव की व्यवस्था को लेकर ऊंट के मुंह में जीरा की बात बता रहे थे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने श्रद्धेय सुशील मोदी जी की जयंती पर सेवा सप्ताह का आयोजन किया

**पटना।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता के नेतृत्व में आज कुम्हरार स्थित अंतर ज्योति बालिका विद्यालय में श्रद्धेय श्री सुशील मोदी जी की जयंती पर सेवा सप्ताह के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नेत्रहीन बालिकाओं द्वारा स्वागत गान और श्रद्धेय सुशील मोदी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण से हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुम्हरार विधायक श्री अरुण कुमार सिन्हा, स्वर्गीय सुशील मोदी जी की पत्नी श्रीमती जे. सी. मोदी, सेवा सप्ताह संयोजक एवं प्रदेश मंत्री श्री संजय गुप्ता, प्रदेश महामंत्री शोभा सिंह, मीना झा, और अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। सुशील



मोदी जी के योगदान को किया यादः इस अवसर पर श्री अरुण कुमार सिन्हा ने कहा, भाजपा कार्यकर्ता उनके पदचिन्हों पर चलते हुए उनके सपनों को साकार करें, यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

सेवा सप्ताह संयोजक एवं प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता ने कहा, ₹सुशील मोदी जी का समाज और संगठन के प्रति योगदान हम सभी कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और हमें कुशल संगठनकर्ता बनने के लिए प्रेरित करता है। श्रीमती जे. सी. मोदी ने भावुक होकर सुशील मोदी जी द्वारा नेत्रहीन बालिकाओं के लिए किए गए कार्यों को याद किया और आगे भी हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

महिला मोर्चा ने इस अवसर पर अंतर ज्योति बालिका विद्यालय की नेत्रहीन बालिकाओं के बीच कंबल और भोजन का वितरण किया। यह कार्यक्रम विशेष इसलिए भी है क्योंकि स्वर्गीय सुशील मोदी जी हर साल अपना जन्मदिन नेत्रहीन बालिकाओं के बीच मनाते थे। सेवा सप्ताह के तहत आगामी आयोजनः सेवा सप्ताह के तहत कल, 7 जनवरी 2025 को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा बिहार के सभी जिलों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उपस्थित गणमान्यः कार्यक्रम में महिला मोर्चा की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज जायसवाल, सरला रजक, प्रदेश मंत्री शशि बलडिहार, सीमा पांडे, सीमा झा, क्षेत्रीय प्रभारी कांति केसरी, प्रदेश प्रवक्ता प्रीति पाठक, मंडल अध्यक्ष ऋत्विक यादव, और अन्य स्थानीय कार्यकताओं ने सहभागिता निभाई।

## तख़्त में सजा विशेष दीवान, बाललीला में आज मनेगा जन्मोत्सव

**पटना सिटी।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 358 वें प्रकाश उत्सव को लेकर तख्त श्री हरमंदिर साहिब में विशेष दीवान सालस राय जौहरी दीवान हाल में सजा. इसमें शबद कीर्तन से संगत निहाल हो गयी. आयोजन में भाई जोगिंदर सिंह,भाई नविंदर सिंह,भाई जगत सिंह,भाई हरभजन सिंह व भाई ज्ञान सिंह ने तही प्रकाश हमारा भयो की शबद कीर्तन की।इसके बाद जंडियाला के प्रीसिंपल सुखवंत सिंह,भाई साहिब दविंदर सिंह सोहाना, भाई तांतीवार अनहद वाणी जत्था बरू साहिब,यूके से आये भाई अंतरवीर सिंह, रागी जत्था गुरइकबाल सिह,भाई चमजीत सिंह लाल दिल्ली वाले,कविश्री जत्था भाई कविंदर सिंह ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल कर दिया. विशेष दीवान में कथा ज्ञानी सबरजीत सिंह लुधियाना व ज्ञानी गगनदीप सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा की.इसके बाद तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने शस्त्रों के दर्शन, अरदास किया. अरदास, हुकूमनामा व कड़ाह प्रसाद का वितरण किया गय। इससे पहले सुबह दरबार साहिब में आशा दी वार भाई कविंदर सिंह ने की. शबद कीर्तन भाई माता बीबी कौला सेवा भलाई केंद्र के गुरइकबाल सिंह व कथा तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने की।संत समागम में बाबा महंत करमजीत सिंह यमुनानगर वाले,संत बाबा हरनाम सिंह दमदमी टकसाल,महंत स्वामी ज्ञान देव सिंह हरियाणा,नानकसर कलेड़ा के संत बाबा घाला सिंह जी,संत बाबा दर्शन सिंह शास्त्री निर्मले वाराणसी, खोसाकोटला के संत ज्ञानी गुरजीत सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा की.इसके बाद तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने शस्त्रों के दर्शन, अरदास किया. अरदास, हुकूमनामा व कड़ाह प्रसाद का वितरण किया गया. शाम विशेष दीवान में कीर्तन भाई कविंदर सिंह ने की।

# कुंदन बने राजद किसान प्रकोष्ठ के जिला सचिव

**कुर्था, (संवाददाता)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के डाक बंगला परिसर में सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव के द्वारा किंजर गांव निवासी राष्ट्रीय जनता दल के नेता कुंदन कुमार को राजद किसान प्रकोष्ट के जिला सचिव मनोनीत किया इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि कुंदन सिंह के पिता वर्षों से राष्ट्रीय जनता दल के सजक सिपाही के रूप में काम किया आज अपने पिता के पद चोन पर चलकर उनके पुत्र भी राष्ट्रीय जनता दल का प्रखर सिपाही के रूप में कार्य कर रहे हैं उनके कार्य कुशलता को देखते हुए पार्टी नेताओं ने राजा किसान प्रकोष्ठ के जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया इस मौके पर जिला



सचिव कुंदन सिंह ने कहा कि बरसों से मेरा परिवार राष्ट्रीय जनता दल के लिए समर्पित रहा है अपने पिताजी के पदचिन्हों पर चलकर हमने भी राष्ट्रीय जनता दल के बैनर तले राजनीतिक जीवन की शुरूआत किया है उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस उद्देश्य से हमें इस ओहदे पर बिठाया है मैं पूर्ण विश्वास दिलाता हूं कि उनके उद्देश्यों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा इस मौके पर राजद किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष विनय यादव, जिला महासचिव विजय यादव, रामनारायण मंडल, राजद वरिष्ठ नेता अनिल सौंडिक,चतुरी यादव नगर अध्यक्ष समेत कई राजद नेता शामिल थे।

# बजट की निर्धारित राशि पूर्ण रूप से कैसे खर्च हो इस पर मन्थन करे सरकार: विजय शंकर नायक

**रांची।** उपरोक्त बातें आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने आम जनता से बजट के लिए सुझाव आमंत्रित हेतु पोर्टल व मोबाइल एप मुख्य मंत्री द्वारा लांच करने पर कही ।इन्होने आगे कहा कि जनता से सुझाव लेना अच्छी बात है मगर सुझाव को ज्यादा से ज्यादा बजट मे सम्मलित करना बहुत महत्वपूर्ण है ।पिछले वितिय वर्ष 2024-2025 मे सरकार को जनता की ओर से से 721 सुझाव प्राप्त हुए थे जिसमे मात्र 21 सुझाव को ही बजट मे शामिल किये गये जो सराहनीय नही है ।

नायक ने आगे कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के द्वारा बजट की निर्धारित राशि को खर्च नही कर केंद्र सरकार को सरेंडर



करने की निति जो अब झारखंड की परम्परा बन गई है और हेमंत सरकार भी वही निति पर चलने का कार्य कर रही है जिससे राज्य का सर्वांगीण चहँमुखी विकास नही हो पा रहा है जो दुखद पहलू है ।इन्होने राज्य के मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन से इस निति और परम्परा से हट कर कार्य करने का सलाह देते हुए कहा कि वे ऐसा कार्य संस्कृति को डेवलप करे जिसमे 100 प्रतिशत बजट की राशि खर्च हो और इसके लिए सभी विभागों के प्रधान सचिवों को स्पष्ट निर्देश जारी करे की अगर कंडकित बजट की राशि पूर्ण रुप से खर्च नही किये जायेंगे तो उन विभागों के सचिवों पर विभागीय कार्रवाई कर उन्हे सनटींग पोस्ट पर पदस्थापित किये जायेगें तब ही पुरानी बजट की राशि नही खर्च करने की भाजपा की परम्परा को समाप्त किये जा सकेंगे । नायक ने यह भी बताया कि जल्द ही 17 जनवरी से पूर्व आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच की ओर से उन्हे बजट मे शामिल करने के लिए राज्यहित के लिए सुझाव भेजा जायेगा और उनसे अनुरोध भी किया जायेगा कि मंच के सुझावों को ज्यादा से ज्यादा सम्मलित करने का कार्य किया जाए ताकि राज्य का चहुँमखी समग्र विकास हो सके ।

# 11 से 25 जनवरी 2025 तक संविधान गौरव अभियान चलाएगी भाजपा

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने आज प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा द्वारा आगामी 11से 25जनवरी तक चलने वाले संविधान गौरव अभियान की जानकारी दी। श्री बाउरी को पार्टी ने अभियान का प्रदेश संयोजक बनाया है। साथ ही प्रदेश मंत्री नन्द जी प्रसाद एवं वरिष्ठ नेता राकेश भास्कर इस अभियान के सह संयोजक बनाए गए हैं। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्री बाउरी ने कहा कि देश के आम जनता तक बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संघर्ष संविधान निर्माण और कांग्रेस के द्वारा किए गए उनके साथ छल को लेकर जिला मंडल तक आम जनता को जागरूक करने का काम भारतीय जनता पार्टी 11 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2025 तक करेगी इस अभियान को भारतीय जनता पार्टी ने संविधान गौरव अभियान का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान का ही यह फल है कि आज सर्वोच्च पायदान पर देश की एक आदिवासी महिला विराजमान है वही चाय बेचने वाले एक व्यक्ति प्रधानमंत्री के रूप में जन सेवा कर रहे हैं। भारत को महान बनाने में संविधान का महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लेकिन आज भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचार समाज के बीच नही गया है। भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब के लक्ष्य को देश के अंतिम पायदान तक पहुंचाने का काम इस अभियान के माध्यम से करेगी। कहा कि संविधान निर्माण के समय की सभी घटनाओं की जानकारी देश की जनता होना चाहिए उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण के समय कांग्रेस ने धर्म आधारित आरक्षण पर जोर दिया




था लेकिन बाबा साहब देश के हर नागरिक को ,प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार दिया। कहा कि आज बाबा साहब के नाम पर राजनीति करने वाली कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू ,इंदिरा गांधी को उनके जीवित समय में ही भारत रत्न की उपाधि दे दी लेकिन बाबा साहब को इस उपाधि से वंचित रखा वही मरणोपरांत उन्हें नई दिल्ली में दो गज जमीन में नसीब नहीं होने दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब कश्मीर में धारा 370 का भी विरोध किया था। ऐसी कई घटनाएं हैं जो आम जनता के बीच जानी चाहिए इसलिए भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में मंडल स्तर तक जाकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के उन सभी अनुच्छेद उनके लक्ष्य और उनके नीति सिद्धांतों को बताने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब के नाम उन्हें सम्मान देना और सम्मान देने का दिखावा करना में जमीन आसमान का अंतर होता है भारतीय जनता पार्टी में बाबा साहब को अपने कार्यकाल में भारत रत्न देकर उन्हें सम्मान दिया है।

मईयां योजना पर उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 56 लाख से अधिक लोगों के खाते में मईंया योजना का लाभ दिया है। लेकिन इसकी एक बड़ी कीमत जनता को चुकानी पड़ रही है। राज्य के वृद्ध, विधवा, दिव्यांग को मिलने वाले पैसे उनके खाते में नही जा रहे है। सरकार को इस मामले पर खेद प्रकट करना चाहिए। इस बार के अनुपूरक बजट में एक विभाग को मात्र 2100 रुपया ही दिया है। राजनीतिक हनक को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री यदि सारी सिस्टम को बैठा दें तो इसका नुकसान पूरे राज्य को भुगतना होगा।

450 रुपये में गैस सिलिंडर देने के मामले मैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम का अपने वादे से मुकर जाना कोई नई बात नही है। पंचम विधानसभा में मंत्री ने कहा था कि घोषणा पत्र घोषणा ही होती है। कांग्रेस और जेएमएम के घोषणा पत्र में 450 रुपया में सिलिंडर देने की बात कही गयी है। आज की प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ,प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार मंडल, राफिया नाज भी उपस्थित रहे।